
## भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 20 फरवरी, 2020 को "हिंदी कार्यशाला" का आयोजन किया गया

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में “हिंदी कार्यशाला” का आयोजन 20 फरवरी , 2020 को किया गया। “हिंदी कार्यशाला” के अवसर पर मुख्य प्रवक्ता के रूप में श्री ए. के. जगदीसन, सहायक निदेशक (राजभाषा), भारतीय बागवानी अनुसन्धान संस्थान (आई.आई.एच.आर.) बेंगलुरु, का स्वागत ब्यूरो की निदेशक महोदया, डॉ. चाँदिश आर. बल्लाल ने किया। सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा द्वीप प्रजल्वित करके हिंदी कार्यशाला की शुरुआत की गयी ।

तदोपरांत, श्री ए. के. जगदीसन, सहायक निदेशक (राजभाषा), भारतीय बागवानी अनुसन्धान संस्थान, बेंगलुरु ने **“प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी में सूचना प्रौद्योगिकी टूल्स”** विषय पर अति महत्वपूर्ण जानकारी कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों (प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी) को दी।

इस हिंदी कार्यशाला का संचालन श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया। वैज्ञानिक डॉ. ऋचा वार्ष्णेय, द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ "हिंदी कार्यशाला" का समापन हुआ ।

| राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में " हिंदी कार्यशाला " का आयोजन | |
|---|---|
|  |  |
|  |  |






राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में " हिंदी  कार्यशाला " का आयोजन